**CBSE Class 07 Hindi**

**NCERT Solutions**

**पाठ-08 शाम-एक किसान**

**1. इस कविता में शाम के दृश्य को किसान के रूप में दिखाया गया है - यह एक रूपक है। इसे बनाने के लिए पाँच एकरूपताओं की जोड़ी बनाई गई है। उन्हें उपमा कहते हैं। पहली एकरूपता आकाश और साफ़े में दिखाते हुए कविता में 'आकाश का साफ़ा' वाक्यांश आया है। इसी तरह तीसरी एकरूपता नदी और चादर में दिखाई गई है, मानो नदी चादर-सी हो। अब आप दूसरी, चौथी और पाँचवी एकरूपताओं को खोजकर लिखिए।**

**उत्तर:-** दूसरी एकरूपता - चिलम सूरज-सी

चौथी एकरूपता - अँगीठी पलाश के फूलों-सी

पाँचवी एकरूपता - अंधकार भेड़ों के गल्ले-सा।

**2. शाम का दृश्य अपने घर की छत या खिड़की से देखकर बताइए -**

**क) शाम कब से शुरू हुई?**

**ख) तब से लेकर सूरज डूबने में कितना समय लगा?**

**ग) इस बीच आसमान में क्या-क्या परिवर्तन आए?**

**उत्तर:-** क) शाम करीब 6 बजे शुरू हुई।

ख) तब से लेकर सूरज डूबने में करीब एक घंटे का समय लगा।उस दौरान सूरज धीरे-धीरे गायब हुआ,एकदम से नहीं।

ग) इस बीच आसमान का रंग लाल और कुछ देर बाद पीले रंग में परिवर्तित हो गया और फिर कुछ देर बाद धीरे-धीरे सूरज आसमान से गायब हो गया और उसके बाद चारों ओर अँधेरा छा गया।आसमान में तारों का साम्राज्य स्थापित हो जाता है।

**3. मोर के बोलने पर कवि को लगा जैसे किसी ने कहा हो - 'सुनते हो'। नीचे दिए गए पक्षियों की बोली सुनकर उन्हें भी एक या दो शब्दों में बाँधिए -**

**कबूतर कौआ मैना**

**तोता चील हंस**

**उत्तर:-** कबूतर - लो भई,अपना ख़त ले लो,बहुत दूर से लाया हूँ।

कौआ - सुनते हो, घर में मेहमान आने वाले हैं।

मैना - कैसे हो?

तोता - राम! राम! भाई।

चील - अरे,वह देखो नीचे चमकता हुआ सा कुछ पड़ा है।

हंस - मेरी तरह हमेशा शांत रहो।

**4. इस कविता को चित्रित करने के लिए किन-किन रंगों का प्रयोग करना होगा?**

**उत्तर:-** इस कविता को चित्रित करने के लिए हमें नीले, पीले, भूरे, लाल, सफ़ेद, काले, सुनहरे, हरे, बैंगनी आदि अनेक रंगों की आवश्यकता पड़ेगी।

---

**5. शाम के समय ये क्या करते हैं? पता लगाइए और लिखिए -**

**पक्षी खिलाड़ी फलवाले माँ**

**पेड़-पौधे पिता जी किसान बच्चे**

**उत्तर:-** पक्षी - अपने-अपने घोसलों में लौट आते हैं।

खिलाडी - अपने अभ्यास या खेल को समाप्त कर आराम करते हैं।

फलवाले - अपना सामान जल्दी बेचकर घर लौटने का प्रयास करते हैं।

माँ - अपना काम निबटाकर घरवालों के घर आने की प्रतीक्षा करती है।

पेड़-पौधे - वे भी विश्राम करना चाहते हैं।

पिता जी - दफ़्तर से घर की ओर लौटते हैं।

किसान - दिनभर परिश्रम कर अपने बैलों के साथ घर की ओर लौटता है।

बच्चे - गृहकार्य या खेलने का अभ्यास करते हैं।

---

**6. हिन्दी के एक प्रसिद्ध कवि सुमित्रानंदन पंत ने संध्या का वर्णन इस प्रकार किया है -**

**संध्या का झुटपुट-**

**बाँसों का झुरमुट-**

**है चहक रहीं चिड़ियाँ**

**टी-वी-टी--टुट्-टुट्**

**ऊपर दी गई कविता और सर्वेश्वरदयाल जी की कविता में आपको क्या मुख्य अंतर लगा? लिखिए।**

**उत्तर:-** सर्वेश्वरदयाल जी की कविता और सुमित्रानंदन पंत जी की कविता दोनों में ही संध्याकालीन वर्णन ही किया गया है परन्तु दोनों में मुख्य अंतर यह है कि जहाँ सर्वेश्वरदयाल जी ने संध्याकालीन दृश्य को एक किसान के माध्यम से प्रस्तुत किया है वहीं सुमित्रानंदन पंत जी ने अपनी कविता में पक्षियों की आवाज को प्रधानता दी है।दोनों का उद्देश्य संध्याकालीन बेला का सुखद एहसास कराना है।

---

**• भाषा की बात**

**7. लिखी पंक्तियों में रेखांकित शब्दों को ध्यान से देखिए-**

**क घुटनों पर पड़ी है नदी <u>चादर-सी</u>**

**ख सिमटा बैठा है भेड़ों के <u>गल्ले-सा</u>**

**ग पानी का <u>परदा-सा</u> मेरे आसपास था हिल रहा**

---

**घ मँडराता रहता था एक <u>मरियल-सा</u> कुत्ता आस-पास**

**ड. दिल है छोटा-सा <u>छोटी-सी</u> आशा**

**च घास पर फुदकती <u>नन्ही-सी</u> चिड़िया**

**इन पंक्तियों में सा/सी का प्रयोग व्याकरण की दृष्टि से कैसे शब्दों के साथ हो रहा है?**

**उत्तर:-** उपर्युक्त पंक्तियों में सा/सी का प्रयोग व्याकरण की दृष्टि से दो रूपों में हुआ है

चादर-सी, गल्ले-सा, परदा-सा

इन शब्दों में सा/सी का प्रयोग उपमा के रूप में किया गया है जैसे-नदी चादर-सी अर्थात् नदी चादर के समान

भेड़ों के गल्ले-सा अर्थात् भेड़ों के झुंड सामान

पानी-परदा-सा अर्थात् पानी परदे के समान

दूसरी और स/सी का प्रयोग विशेषण के तौर पर किया गया है जैसे-मरियल-सा कुत्ता अर्थात् कमजोर कुत्ता

छोटा-सा-दिल अर्थात् छोटा दिल

नन्हीं-सी चिड़िया अर्थात् छोटी चिड़िया।

---

**8. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग आप किन संदर्भों में करेंगे? प्रत्येक शब्द के लिए दो-दो संदर्भ (वाक्य) रचिए। आँधी दहक सिमटा**

**उत्तर:-** आँधी 1. आँधी ने बहुत उत्पात मचाया।

2. मेरे मन में कशकमश की आँधी चल रही है।

दहक 1. घर के कोने में अँगीठी दहक रही है।

2. उसके मन में बदले की आग दहक रही है।

सिमटा-1. राम लाल जी बुढ़ापे के कारण धीरे-धीरे अपना कारोबार सिमटा रहें हैं।

2. पिता के डाँटने पर बालक अपनी माँ की गोद में सिमट गया।